# Daily Current Affairs
Date : 26 August, 2025

## अनुक्रमणिका

| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (RIMS) |
| 2. | नीलम यादव : राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित |
| 3. | 'राज किसान साथी' प्रोजेक्ट : राष्ट्रीय CIPS इनोवेशन अवार्ड |
| 4. | चिन्नेवाला टिब्बा ब्लॉक गैस क्षेत्र : जैसलमेर |
| 5. | जैसलमेर के मेघा गाँव में जीवाश्म |
| 6. | 44वीं सब जूनियर नेशनल शूटिंगबॉल चैम्पियनशिप : राजस्थान विजेता |
| 7. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. एक पेड़ माँ के नाम अभियान : राजस्थान देश भर में दूसरे स्थान पर<br>2. नेशनल हैंडलूम फैशन वीक एण्ड नेशनल कॉन्फ्रेंस<br>3. मिस ओशियन वर्ल्ड – 2025 : जयपुर<br>4. कचनार चौधरी<br>5. यशस्वी राठौड़ ने एशियन शूटिंग में 3 पदक जीते<br>6. बॉडीबिल्डर अरशान खान<br>7. नितिन रावल : जयपुर पिंक पैंथर्स के नए कप्तान |
| 8. | टेलीमैटिक्स विकास केंद्र : 42वाँ स्थापना दिवस |
| 9. | लोक संवर्धन पर्व : कोच्चि |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 10. | फ़िजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी राबुका की भारत यात्रा |
| 11. | अंतरराष्ट्रीय महिला समानता दिवस : 26 अगस्त |
| 12. | इंटरनेशनल स्मार्ट सिटी इंडेक्स 2025 |
| 13. | एशिया रग्बी अंडर-20 सेवन्स 2025 |
| 14. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. हॉकी पुरुष एशिया कप, 2025 की ट्रॉफी का अनावरण<br>2. महिला बेरोज़गारी दर : श्रम मंत्रालय<br>3. गिविंग विंग्स टू ड्रीम्स कॉन्क्लेव 2025,<br>4. कला और संस्कृति महोत्सव 2025 : नेपाल<br>5. नए ऑर्गेनिक मैग्नेट की खोज |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (RIMS)

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **हाल ही में, राजस्थान सरकार द्वारा नई दिल्ली स्थित AIIMS की तर्ज पर राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (RIMS) की स्थापना हेतु विधान सभा में 'राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, जयपुर बिल 2025' पेश किए जाने की घोषणा की गई।**




➲ **मुख्य बिन्दु :**

- **घोषणा : राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हैल्थ साइंसेज (RUHS) का उन्नयन कर जयपुर में RIMS की स्थापना की जाएगी जिसके संदर्भ में वर्ष 2024-25 के राज्य बजट में घोषणा की गई थी। स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट, जयपुर को भी RIMS में समाहित करना प्रस्तावित है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **संस्थान का प्रकार:** RIMS एक स्वायत्त संस्थान और विश्वविद्यालय के रूप में कार्य करेगा जहाँ राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम, 2019 के तहत डिग्री, डिप्लोमा और अन्य शैक्षणिक मान्यताएँ दी जा सकेंगी।
- **सुविधाएँ :** RIMS में कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, यूरोलॉजी, प्लास्टिक सर्जरी, एंडोक्राइनोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, सीटीवीएस एवं ट्रांसप्लांट यूनिट जैसी सुपर स्पेशियलिटी सुविधाएँ होंगी।
- **संरचना :** राज्य के मुख्य सचिव RIMS के अध्यक्ष होंगे तथा प्रतिनियुक्ति पर निदेशक नियुक्त किए जायेंगे। साथ ही, एक शासी निकाय का गठन किया जायेगा, जिसमें AIIMS नई दिल्ली, चंडीगढ़ के PGI और IIM जैसे प्रतिष्ठित राष्ट्रीय संस्थानों के विशेषज्ञों को शामिल किया जायेगा।
- **बजट का प्रावधान :** RIMS एक स्वायत्त संस्थान के रूप में कार्य करेगा, जिसकी एक समर्पित निधि होगी। राज्य सरकार द्वारा RIMS के बुनियादी ढाँचे के निर्माण के लिए ₹100 करोड़ का व्यय किया जाना प्रस्तावित है। अन्य खर्चों के लिए प्रति वर्ष 5 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया गया है, जिसे आवश्यकतानुसार बढ़ाया जा सकेगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## नीलम यादव : राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित

### ➲ चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा वर्ष 2025 के लिए 'राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कारों' की घोषणा की गई। इन पुरस्कार विजेताओं में राजस्थान की एकमात्र शिक्षिका नीलम यादव है।




### ➲ मुख्य बिन्दु :

- नीलम यादव वर्तमान में खैरथल-तिजारा जिले की राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, टपूकड़ा की प्राचार्या है।
- नीलम यादव ने वर्ष 1993 में शिक्षा विभाग में वरिष्ठ अध्यापक के रूप में अपनी सेवाएँ प्रारंभ की। वर्ष 2004 से 2015 तक व्याख्याता पद पर कार्य किया और वर्ष 2015 से प्राचार्या की जिम्मेदारी संभाली।
- केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा वर्ष 2025 में 45 शिक्षकों को 'राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार' प्रदान किए जाने की घोषणा की गई है।
- ये पुरस्कार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा शिक्षक दिवस (5 सितंबर) के अवसर पर नई दिल्ली में प्रदान किए जाएंगे।
- राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार का उद्देश्य देश के बेहतरीन शिक्षकों को सम्मानित करना है, जिन्होंने अपनी प्रतिबद्धता और परिश्रम से न केवल स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया है, बल्कि अपने छात्रों के जीवन को भी समृद्ध बनाया है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# 'राज किसान साथी' प्रोजेक्ट : राष्ट्रीय CIPS इनोवेशन अवार्ड




## ➲ चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग की 'राज किसान साथी' परियोजना को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय CIPS इनोवेशन अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया।

## ➲ मुख्य बिन्दु :

- यह सम्मान जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा श्रीनगर में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया।
- राज किसान साथी राजस्थान सरकार द्वारा विकसित एक अभिनव सिंगल विंडो ऑनलाइन इंटीग्रेटेड पोर्टल है, जिसे "ईज़ ऑफ डूइंग फार्मिंग" की परिकल्पना को "ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस" की तर्ज पर साकार करने के लिए शुरू किया गया है।
- यह पोर्टल कृषि एवं सहायक विभागों के 120 से अधिक ऑनलाइन मॉड्यूल्स पूरी तरह से पेपरलेस और फेसलेस ईकोसिस्टम के माध्यम से उपलब्ध कराता है। राजस्थान इस प्रकार का एकीकृत ढाँचा विकसित करने वाला देश का पहला राज्य है।
- राज किसान साथी किसानों को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर योजनाओं, लाइसेंसिंग सेवाओं, गुणवत्ता नियंत्रण, डिजिटल सलाह व अन्य सेवाओं तक आसान पहुँच प्रदान करता है। अब तक इस पहल के तहत 73 लाख से अधिक किसान जुड़ चुके हैं।
- राज किसान साथी को कई प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त हुए हैं, जिनमें राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस अवॉर्ड 2023-24 (सिल्वर कैटेगरी), स्कॉच अवॉर्ड्स, तथा प्रधानमंत्री उत्कृष्ट लोक प्रशासन अवॉर्ड, (फाइनलिस्ट) शामिल हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# चिन्नेवाला टिब्बा ब्लॉक गैस क्षेत्र : जैसलमेर

## ➲ चर्चा में क्यों?



- राजस्थान आर्थिक समीक्षा 2024 - 25 के अनुसार चिन्नेवाला टिब्बा, जैसलमेर बेसिन में प्राकृतिक गैस के उत्पादन के लिए ONGCL को एक पेट्रोलियम खनन पट्टा प्रदान किया गया।
- इसी क्रम में, हाल ही में ONGC द्वारा चिन्नेवाला टिब्बा ब्लॉक से 1 लाख क्यूबिक मीटर गैस का उत्पादन शुरू किया गया है।

## ➲ मुख्य बिन्दु :

- वर्तमान में जैसलमेर से प्राकृतिक गैस का उत्पादन लगभग 0.81 से 0.87 मिलियन स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर (mmscm) प्रतिदिन है। राजस्थान में कुल प्राकृतिक गैस उत्पादन 3.50 से 3.70 mmscm प्रतिदिन के मध्य है।
- राजस्थान में 4 पेट्रोलियम बेसिनों के अंतर्गत हाइड्रोकार्बन की महत्त्वपूर्ण संसाधन क्षमता मौजूद है। हाइड्रोकार्बन की संभावनाओं के कारण राजस्थान के 3 पेट्रोलियम बेसिनों को श्रेणी-I में उन्नत किया गया है, इस श्रेणी में मुंबई अपतटीय, कृष्णा-गोदावरी, असम शेल्फ, कॉनवेरी, कॉम्बे और असम अकरान फोल्ड बेल्ट जैसे क्षेत्र शामिल हैं।
- ये 4 बेसिन राज्य के 14 जिलों; यथा - बाड़मेर, जैसलमेर, बीकानेर, श्री गंगानगर, हनुमानगढ़, जालौर, जोधपुर, कोटा, झालावाड़, बारां, बूँदी, भीलवाड़ा, चूरू और चित्तौड़गढ़ में स्थित हैं, जो 1,50,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में विस्तृत हैं।
- राजस्थान में अपस्ट्रीम, मिडस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम हाइड्रोकार्बन क्षेत्र में निवेश की अपार संभावनाएँ हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# जैसलमेर के मेघा गाँव में जीवाश्म



## ➲ चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, जैसलमेर जिले के मेघा गाँव में जुरासिक काल से भी पहले के जीवाश्म खोजे गए हैं। यह जीवाश्म जिस प्रजाति के है, वो वर्तमान से 20 करोड़ वर्ष पूर्व विलुप्त हो चुकी है।

## ➲ मुख्य बिन्दु :

- इस जीवाश्म की खोज जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के प्रोफेसर वी.एस. परिहार की टीम ने की है।
- खोजा गया यह जीवाश्म 20 करोड़ वर्ष पुराना फाइटोसॉरस (Phytosaurs) है, जो आकार और बनावट में मगरमच्छ जैसा दिखता था। यह जीव पानी के आसपास रहता था।
- भारत में पहली बार ऐसा जीवाश्म मिला है, यद्यपि इसकी आधिकारिक पुष्टि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (ASI) और जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (GSI) के अध्ययन के बाद ही हो सकेगी।
- ज्ञातव्य है कि इससे पहले भी जैसलमेर में डायनासोर के अवशेष मिल चुके हैं। यहाँ आकल और बईया गाँवों में डायनासोर के अवशेष मिल चुके हैं।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

**आकल वुड फॉसिल पार्क, जैसलमेर**

- भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI) द्वारा राजस्थान में चिह्नित 12 भू-विरासत स्थलों में से एक 'आकल वुड फॉसिल पार्क' जैसलमेर जिले में स्थित है।
- यह वुड फॉसिल एक समृद्ध वनस्पति से संबंधित है, जो लगभग 180 मिलियन वर्ष पहले गर्म और आर्द्र जलवायु में समुद्र के किनारे स्थित था।
- 21 हेक्टेयर में स्थित यह जीवाश्म पार्क पेट्रोफाइलम, प्टाइलोफाइलम, एक्वीसिटाइटिस प्रजातियों और डिकॉटिलेडोनस वुड और गैस्ट्रोपोड शेल्स के हैं, जो लोअर जुरासिक काल से संबंधित हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# 44वीं सब जूनियर नेशनल शूटिंगबॉल चैम्पियनशिप : राजस्थान विजेता

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, राजस्थान की बॉयज टीम ने 44वीं सब जूनियर नेशनल शूटिंगबॉल चैम्पियनशिप का खिताब जीता।



## मुख्य बिन्दु :

- **आयोजन :** बोधगया (बिहार) में 22 से 24 अगस्त, 2025 तक।
- **फाइनल :** राजस्थान ने पंजाब को 21-18, 21-17 से हराकर खिताब जीता।
- **टीम के कप्तान :** मितेश कुमार।
- मितेश कुमार को टूर्नामेंट का बेस्ट खिलाड़ी चुना गया।
- हालांकि, राजस्थान की गर्ल्स टीम ने अपने सभी लीग मैच जीते, लेकिन क्वार्टर फाइनल में पश्चिम बंगाल से हार गई।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **एक पेड़ माँ के नाम अभियान : राजस्थान देश भर में दूसरे स्थान पर**<br>♦ प्रधानमंत्री द्वारा 5 जून, 2024 (विश्व पर्यावरण दिवस) को लॉन्च किए गए 'एक पेड़ माँ के नाम अभियान' में राजस्थान ने देश भर में दूसरा स्थान हासिल किया है।<br>♦ **प्रथम स्थान :** उत्तर प्रदेश (37.51 करोड़ पौधे)<br>♦ **दूसरा स्थान :** राजस्थान (8 करोड़ पौधे)<br>♦ **तीसरा स्थान :** गुजरात (6.05 करोड़ पौधे) |
| 2. | **नेशनल हैंडलूम फैशन वीक एण्ड नेशनल कॉन्फ्रेंस**<br>♦ हाल ही में, एमिटी स्कूल ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, जयपुर में 'नेशनल हैंडलूम फैशन वीक एंड नेशनल कॉन्फ्रेंस' का आयोजन किया गया।<br>♦ **थीम :** "द थ्रेड्स ऑफ राजस्थान"<br>♦ इस कार्यक्रम में भारत की समृद्ध हथकरघा विरासत को प्रदर्शित किया गया। साथ ही स्थिरता, प्रौद्योगिकी और वैश्विक फैशन नवाचार पर वार्ता की गई।<br>♦ 11वाँ राष्ट्रीय हथकरघा दिवस 7 अगस्त, 2025 को भारत मंडपम, नई दिल्ली में मनाया गया। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| **3.** | **मिस ओशियन वर्ल्ड – 2025 : जयपुर**<br>♦ इंटरनेशनल ब्यूटी पैजेंट 'मिस ओशियन वर्ल्ड-2025' का ग्रैंड फिनाले जयपुर स्थित ग्रासफील्ड वैली में आयोजित हुआ।<br>♦ **विजेता :** सूडान की इवालिन नीम मोहम्मद सल्लेह।<br>♦ **फर्स्ट रनर-अप :** पारुल सिंह (भारत)<br>♦ **सेकंड रनर-अप :** निकोल स्लिंकोवा (चेक रिपब्लिक)<br>♦ **थर्ड रनर-अप :** कुरारा शिगेटा (जापान) |
| **4.** | **कचनार चौधरी**<br>♦ राजस्थान पुलिस की सब इंस्पेक्टर कचनार चौधरी ने चेन्नई में आयोजित सीनियर नेशनल इंटर स्टेट चैंपियनशिप में 15.75 मीटर के थ्रो के साथ तश्तरी फेंक में स्वर्ण पदक जीता।<br>♦ उत्तर प्रदेश की विधि ने रजत और हरियाणा की शिक्षा ने कांस्य पदक जीता। |
| **5.** | **यशस्वी राठौड़ ने एशियन शूटिंग में 3 पदक जीते**<br>♦ जयपुर स्थित मणिपाल यूनिवर्सिटी की यशस्वी राठौड़ ने 16वीं एशियन शूटिंग चैम्पियनशिप में 1 स्वर्ण पदक सहित कुल 3 पदक जीते।<br>♦ यशस्वी ने एशियन शूटिंग जूनियर चैम्पियनशिप की स्कीट मिक्स्ड टीम इवेंट में स्वर्ण, इंडीविजुअल में रजत और वीमेंस टीम इवेंट में रजत पदक जीता।<br>♦ **एशियन शूटिंग चैम्पियनशिप :** 16 से 30 अगस्त, 2025 तक शिमकेंट, कजाखस्तान में। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| **6.** | **बॉडीबिल्डर अरशान खान**<br>♦ बैंकॉक (थाइलैंड) में आयोजित 57वीं एशियन बॉडीबिल्डिंग एंड फिजिक स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप में राजस्थान के बॉडीबिल्डर अरशान खान ने 100 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।<br>♦ जोधपुर निवासी अरशान खान एशिया में नम्बर वन चैम्पियन बनने वाले राजस्थान के पहले खिलाड़ी है। |
| **7.** | **नितिन रावल : जयपुर पिंक पैंथर्स के नए कप्तान**<br>♦ जयपुर पिंक पैंथर्स ने आगामी प्रो कबड्डी लीग सीज़न 12 के लिए नितिन रावल को कप्तान और रेजा मीरबाघेरी को उप-कप्तान घोषित किया है। |

CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राष्ट्रीय परिदृश्य

## टेलीमैटिक्स विकास केंद्र : 42वां स्थापना दिवस

### चर्चा में क्यों?

- दूरसंचार विभाग, संचार मंत्रालय के प्रमुख दूरसंचार अनुसंधान एवं विकास केंद्र, सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (C-DoT) ने सी-डॉट परिसर, दिल्ली में अपना 42 वां स्थापना दिवस मनाया।




### मुख्य बिन्दु :

- समारोह के दौरान 10 महिला उद्यमियों को सम्मानित किया गया और उनकी परियोजनाओं के अनुसंधान एवं विकास के लिए अनुदान प्रदान किया गया।

### सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (C-DoT)

- **स्थापना :** अगस्त, 1984 में दूरसंचार विभाग, भारत सरकार के एक स्वायत्त दूरसंचार अनुसंधान एवं विकास केंद्र के रूप में की गई थी।
- यह सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत एक पंजीकृत सोसाइटी है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- यह वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग (DSRI), विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के साथ एक पंजीकृत 'सार्वजनिक वित्त पोषित शोध संस्थान है।
- **C-DoT का योगदान:** भारतीय दूरसंचार नेटवर्क के डिजिटाइजेशन में इसका महत्वपूर्ण योगदान है।
- ग्रामीण क्षेत्रों में कनेक्टिविटी, साइबर सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, वायरलेस, 4G/5G,M2M / IOT, अगली पीढ़ी के नेटवर्क, AI, नेटवर्क प्रबंधन प्रणाली, IoT/M2M अनुप्रयोगों आदि में अत्याधुनिक समाधान प्रदान करना।
- सी-डॉट भारत सरकार के डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, भारतनेट, स्किल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और स्मार्ट सिटीज आदि में महत्त्वपूर्ण योगदानकर्त्ता हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## लोक संवर्धन पर्व : कोच्चि




### ➲ चर्चा में क्यों?

- 26 अगस्त से 4 सितंबर, 2025 तक अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय केरल के कोच्चि में मरीन ड्राइव ग्राउंड पर लोक संवर्धन पर्व के 5वें संस्करण का आयोजन कर रहा है।

### ➲ मुख्य बिन्दु:

- लोक संवर्धन पर्व, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की एक प्रमुख पहल है।
- उद्देश्य : अल्पसंख्यक समुदायों के कारीगरों, शिल्पकारों, बुनकरों, पाक-कला विशेषज्ञों और उद्यमियों को बाज़ार से जोड़ना और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना।
- इसमें उत्तर प्रदेश की ज़री और चिकनकारी, पंजाब की फुलकारी कढ़ाई, बिहार की मधुबनी पेंटिंग और राजस्थान की ब्लू पॉटरी से लेकर लद्दाख की पश्मीना बुनाई, छत्तीसगढ़ का बस्तर लौह शिल्प, कर्नाटक के चन्नपटना लकड़ी के खिलौने और केरल की नेट्टीपट्टम कला जैसे पारंपरिक शिल्पों का प्रदर्शन किया जाएगा।




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## फ़िजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी राबुका की भारत यात्रा

### चर्चा में क्यों?

- 24 से 26 अगस्त, 2025 तक भारतीय प्रधानमंत्री के आमंत्रण पर, फ़िजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी राबुका ने भारत की आधिकारिक यात्रा की।



### मुख्य बिन्दु :

- यह राबुका की प्रधानमंत्री के रूप में पहली भारत यात्रा है।

**द्विपक्षीय दस्तावेज़ हस्ताक्षरित :**

1. भारत और फ़िजी के मध्य फ़िजी के सुवा में एक सुपर-स्पेशलिटी अस्पताल के डिज़ाइन, निर्माण, शुभारंभ, संचालन और रखरखाव के लिए समझौता ज्ञापन।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

2. मैसर्स एचएलएल लाइफकेयर लिमिटेड और स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवा मंत्रालय, फ़िजी के मध्य जन औषधि योजना के अंतर्गत दवाओं की आपूर्ति पर समझौता।

3. व्यापार, सहकारिता, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम एवं संचार मंत्रालय के माध्यम से भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) और राष्ट्रीय मापन एवं मानक विभाग (DNTMS) के मध्य फ़िजी की ओर से मानकीकरण के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापन।

4. मानव क्षमता और कौशल में वृद्धि के क्षेत्र में सहयोग पर राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नाइलिट), भारत और पैसिफिक पॉलीटेक, फ़िजी के बीच समझौता ज्ञापन।

5. त्वरित प्रभाव परियोजना (QIP) के कार्यान्वयन हेतु भारतीय अनुदान सहायता के संबंध में भारत और फ़िजी के मध्य समझौता ज्ञापन।

**प्रमुख घोषणाएँ :**

1. फ़िजी पक्ष के द्वारा सुवा में भारतीय चांसरी भवन का पट्टा विलेख सौंपना।
2. फ़िजी में दूसरा जयपुर फुट शिविर।
3. फ़िजी में साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण प्रकोष्ठ (CSTC) की स्थापना।
4. फ़िजी भारत-प्रशांत महासागर पहल (IPOI) में शामिल हुआ।
5. वर्ष 2026 में फिजी से संसदीय प्रतिनिधिमंडल और ग्रेट काउंसिल ऑफ चीफ्स के प्रतिनिधिमंडल का भारत दौरा होगा।
6. वर्ष 2025 में एक भारतीय नौसेना पोत का फ़िजी के बंदरगाह पर आगमन।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

7. फ़िजी स्थित भारतीय उच्चायोग में रक्षा अटैची पद का सृजन।

8. फ़िजी के शाही सैन्य बलों को एम्बुलेंस उपहार में देना।

9. फ़िजी विश्वविद्यालय में एक हिंदी-सह-संस्कृत शिक्षक की प्रतिनियुक्ति।


10. 'हील इन इंडिया' कार्यक्रम के अंतर्गत भारत में विशेष चिकित्सा उपचार की पेशकश।

11. फ़िजी में क्रिकेट के लिए भारत से क्रिकेट प्रशिक्षक।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

- द्विपक्षीय यात्राओं में अगस्त, 2024 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की फिजी की पहली आधिकारिक यात्रा शामिल है।

**फ़िजी :**






उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण दिवस

## अंतरराष्ट्रीय महिला समानता दिवस : 26 अगस्त

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **कांग्रेस द्वारा संयुक्त प्रस्ताव, 1971 के तहत प्रतिवर्ष 26 अगस्त को महिला समानता दिवस के रूप में मनाया जाता हैं।**




➲ **मुख्य बिन्दु :**

**इतिहास :**

- **वर्ष 1971 में, कांग्रेस प्रतिनिधि बेला अब्ज़ुग (डेमोक्रेट-न्यूयॉर्क) द्वारा पेश प्रस्ताव को वर्ष 1973 में पारित कर 26 अगस्त को "महिला समानता दिवस" के रूप में नामित किया।**
- **यह तिथि 1920 में संविधान के 19वें संशोधन के प्रमाणीकरण के उपलक्ष्य में चुनी गई थी, जिसने महिलाओं को मतदान का अधिकार दिया।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, 2025 :

| | |
|---|---|
| तिथि | 8 मार्च, 2025 |
| शुरुआत | 20वीं सदी के आरंभ में महिलाओं के अधिकारों की वकालत करने के लिए श्रमिक आंदोलन से हुई थी। |
| थीम | "For all women and girls: Rights. Equality. Empowerment." ("सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए: अधिकार, समानता, सशक्तिकरण।") |

### संवैधानिक और कानूनी ढाँचा :

- भारतीय संविधान में प्रस्तावना, मौलिक अधिकारों और राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों के प्रावधानों में लैंगिक समानता का भी प्रावधान किया गया हैं।

| भाग | अनुच्छेद | प्रावधान |
|---|---|---|
| मौलिक अधिकार | अनुच्छेद 14 | कानून के समक्ष समानता। |
| | अनुच्छेद 15 | लिंग के आधार पर भेदभाव का निषेध। |
| नीति निर्देशक सिद्धांत | अनुच्छेद 39 और 42 | समान आजीविका के अवसरों, समान वेतन और मातृत्व सहायता। |
| मौलिक कर्त्तव्य | अनुच्छेद 51(क)(ङ) | नागरिकों को महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध अपमानजनक प्रथाओं का त्याग करने के लिए प्रोत्साहित करता है। |

### भारत निम्नलिखित अंतरराष्ट्रीय संधियों का हस्ताक्षरकर्ता है :

- मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा (1948 ई.)
- महिलाओं के विरुद्ध सभी प्रकार के भेदभाव के उन्मूलन पर कन्वेंशन (सीईडीएडब्ल्यू, 1979 ई.)
- बीजिंग घोषणा और कार्रवाई के लिए मंच (1995 ई.)
- भ्रष्टाचार के विरुद्ध संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (2003 ई.)
- सतत् विकास के लिए एजेंडा 2030


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## महत्त्वपूर्ण सूचकांक

### इंटरनेशनल स्मार्ट सिटी इंडेक्स 2025

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **हाल ही में, इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर मैनेजमेंट डेवलपमेंट (IMD) ने स्मार्ट सिटी इंडेक्स 2025 जारी की हैं।**






उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

➲ **मुख्य बिन्दु :**

- **रैंकिंग में शहरों का मूल्यांकन पाँच मानकों पर किया जाता है : स्वास्थ्य और सुरक्षा, गतिशीलता, गतिविधियाँ, अवसर और शासन।**
- **इस वर्ष वैश्विक रैंकिंग में छह नए शहर शामिल हुए : अलउला (सऊदी अरब), अस्ताना (कजाकिस्तान), कराकस (वेनेजुएला), कुवैत सिटी (कुवैत), मनामा (बहरीन) और सैन जुआन (प्यूर्टो रिको)।**

**विश्व के शीर्ष 10 स्मार्ट शहर :**

| रैंक | शहर | देश | रेटिंग |
|---|---|---|---|
| 1 | ज्यूरिक | स्विट्ज़रलैंड | AAA |
| 2 | ओस्लो | नॉर्वे | AAA |
| 3 | जिनेवा | स्विट्ज़रलैंड | AAA |
| 4 | दुबई | संयुक्त अरब अमीरात | A |
| 5 | आबू धाबी | संयुक्त अरब अमीरात | A |
| 6 | लंदन | यूनाइटेड किंगडम | AA |
| 7 | कोपेनहेगन | डेनमार्क | AAA |
| 8 | कैनबरा | ऑस्ट्रेलिया | AAA |
| 9 | सिंगापुर | सिंगापुर | AAA |
| 10 | लुसाने | स्विट्ज़रलैंड | AAA |

**भारतीय शहर :**

| शहर | रैंक | रेटिंग |
|---|---|---|
| दिल्ली | 104 | CC |
| मुंबई | 106 | CC |
| हैदराबाद | 109 | CCC |
| बेंगलुरु | 110 | CC |

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

**स्मार्ट सिटी :**

- **IMD के अनुसार "एक शहरी परिवेश जो अपने नागरिकों के लिए शहरीकरण के लाभों को बढ़ाने और उसकी कमियों को कम करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करता है।"**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# खेल परिदृश्य

## एशिया रग्बी अंडर-20 सेवन्स 2025

### ➲ चर्चा में क्यों?

- बिहार के राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित एशिया रग्बी अंडर-20 सेवन्स चैंपियनशिप 2025 में भारतीय महिला टीम ने उज़्बेकिस्तान को हराकर कांस्य पदक जीता।




### ➲ मुख्य बिन्दु :

- **आधिकारिक शुभंकर :** 'अशोक' नामक खरगोश।
- **भागीदार :** 9 एशियाई देशों के 192 खिलाड़ी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**परिणाम :**

| पदक | पुरुष वर्ग | महिला वर्ग |
|---|---|---|
| स्वर्ण पदक | हांगकांग<br>(श्रीलंका को हराया) | चीन<br>(हांगकांग को हराया) |
| रजत पदक | श्रीलंका | हांगकांग |
| कांस्य पदक | मलेशिया<br>(चीन को हराया) | भारत<br>(उज्बेकिस्तान को हराया) |

- पुरुषों की स्पर्धा में भारत ने कज़ाकिस्तान को हराकर पाँचवाँ स्थान हासिल किया था।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

- टीम का आकार, खेल की अवधि, टूर्नामेंट प्रारूप और गेमप्ले प्रभाव के आधार पर रग्बी के दो प्रारूपों  रग्बी सेवन्स तथा पारंपरिक रग्बी का आयोजन किया जाता हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR


# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **हॉकी पुरुष एशिया कप, 2025 की ट्रॉफी का अनावरण**<br><br>♦ **अनावरण :** 25 अगस्त, 2025 को केंद्रीय युवा कार्यक्रम, खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री द्वारा।<br>**हॉकी पुरुष एशिया कप, 2025 :**<br>♦ **आयोजन :** 29 अगस्त से 7 सितंबर, 2025 तक बिहार के राजगीर हॉकी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।<br>♦ **संस्करण :** 12 वाँ |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- इस वर्ष का एशिया कप 2026 में नीदरलैंड्स और बेल्जियम में होने वाले FIH पुरुष हॉकी विश्व कप के लिए क्वालिफायर का भी कार्य करेगा।
- टूर्नामेंट की विजेता टीम स्वतः ही वर्ल्ड कप में जगह बनाएगी, जबकि दूसरे से छठे स्थान तक रहने वाली टीमें अगले वर्ष होने वाले वर्ल्ड कप क्वालिफायर में हिस्सा लेंगी।

**2.** **महिला बेरोज़गारी दर : श्रम मंत्रालय**




- **महिला बेरोज़गारी दर :** आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS) के अनुसार, महिला बेरोज़गारी दर 2017-18 के 5.6 प्रतिशत से घटकर 2023-24 में 3.2 प्रतिशत हो गई है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **महिला रोज़गार की स्थिति :** ग्रामीण भारत में महिला रोज़गार में 96 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि इसी अवधि में शहरी क्षेत्रों में 43 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है।
- **महिला नेतृत्व वाले MSME :** महिलाओं के नेतृत्व वाले MSME की संख्या भी 2010-11 से 2023-24 तक दोगुनी हो गई है।
- **महिला कार्यबल :** गत सात वर्षों में 1.56 करोड़ महिलाएं औपचारिक कार्यबल में शामिल हुई हैं।

**3.**

## गिविंग विंग्स टू ड्रीम्स कॉन्क्लेव 2025




- **उद्घाटन :** 25 अगस्त, 2025 को युवा कार्य एवं खेल राज्य मंत्री द्वारा नई दिल्ली में।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| | ♦ **आयोजक :** स्पोर्ट्सकॉम।<br>♦ यहाँ प्रमुख हितधारकों को एक मंच पर लाकर भारतीय इकोसिस्टम के भविष्य पर चर्चा की गयी, जिसमें निवेश, खेल विज्ञान, विनिर्माण और खेल स्टार्टअप्स के विस्तार पर ध्यान केन्द्रित किया गया।<br>♦ **सम्मानित :** इस कॉन्क्लेव में स्टार्टअप प्रस्तुत करने वाले दस युवा उद्यमियों को सम्मानित किया।<br>♦ **स्टार्टअप :** क्रॉसट्रेन फाइट क्लब, A1 स्पोर्ट्स वर्ल्ड, पोंग फॉक्स, अपउर फिट, वे मी, लेट्स गेम नाउ, कॉलर्न स्पोर्ट्स, स्पोल्टो, हाइपरलैब और डैशपॉड।<br>♦ कॉन्क्लेव में चर्चाएँ खेल स्टार्टअप्स के लिए "निवेश पुस्तिका", "मेक इन इंडिया फॉर द वर्ल्ड" पहल की क्षमता और "बियॉन्ड इंस्टिंक्ट: इंडियाज़ स्पोर्टिंग फ्यूचर इन डेटा" पर केन्द्रित थीं। |
| **4.** | **कला और संस्कृति महोत्सव 2025 : नेपाल**<br><br><br>♦ नेपाल 5 सितंबर से 27 सितंबर, 2025 तक आयोजित पहले कला और संस्कृति महोत्सव 2025 की मेजबानी करेगा।<br>♦ यह काठमांडू, भक्तपुर, कीर्तिपुर, ललितपुर और हादिगांव में आयोजित किया जाएगा। |


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

5.

## नए ऑर्गेनिक मैग्नेट की खोज



- **खोज :** वैज्ञानिकों ने एक ऐसे नए प्रकार के ऑर्गेनिक चुंबक की खोज की है।
- **खोजकर्त्ता :** तोहोकू यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट फॉर मटेरियल्स के वैज्ञानिकों द्वारा।
- **नाम :** इसे वैज्ञानिकों ने अल्टरमैग्नेट नाम की नई श्रेणी में रखा है।
- **अल्टरमैग्नेट :** यह एक ऑर्गेनिक चुंबक है, जो कार्बन-आधारित अणुओं से बना होता है तथा अल्टरमैग्नेट में इलेक्ट्रॉन एक अलग तरीके से संरेखित होते हैं, जिससे यह खास गुण प्रदर्शित करता है।
- **विशेषता :** पारंपरिक फेरोमैग्नेट (चुंबक बनाने वाला पदार्थ) या एंटीफेरोमैग्नेट (चुंबकत्व को खत्म करने वाले पदार्थ) से भिन्न है और प्रकाश को मोड़ने की क्षमता रखता है।
- **उपयोग :** ऑप्टिकल उपकरण और क्वांटम कंप्यूटिंग।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR